आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 151 | हापुड़, बुधवार 18 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06



## संक्षिप्त समाचार

### सवाई माधोपुर में सड़क हादसे में भाजपा के चार कार्यकर्ता घायल

जयपुर । राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में मंगलवार को एक कार (एसयूवी) के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि ये लोग लोग कार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में शामिल होने के लिए जयपुर के दादिया जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह हादसा कुस्तला टोल के पास मंगलवार सुबह हुआ जब कार (एसयूवी) एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया तथा उनमें से एक को गंभीर हालत में जयपुर के एसएमएस अस्पताल में रेफर किया गया। पुलिस के मुताबिक इस दुर्घटना में सुरजीत सिंह, दीनदयाल, जयप्रकाश सांवरिया और अविनाश चौधरी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दीनदयाल को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी तीन का सवाई माधोपुर में इलाज चल रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी अगले साल जनवरी में ओडिशा का दो बार दौरा करेंग- माझी

कटक । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) और उत्कर्ष ओडिशा सम्मेलन-2025 में शामिल होने के लिए अगले साल जनवरी में ओडिशा का दो बार दौरा करेंगे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोमवार शाम यहां ओडिशा पुलिस हवलदार-कांस्टेबल-सिपाही एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में यह बात कही। प्रवासी भारतीय दिवस का 18वां संस्करण आठ से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा और उत्कर्ष ओडिशा सम्मेलन 2025 का आयोजन 28 और 29 जनवरी को होगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 30 नवंबर से एक दिसंबर तक ओडिशा का दौरा किया था।

### गुजरात में सोमनाथ नेशनल हाइवे पर हादसा, छह की मौत, 20 घायल

भावनगर । गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास आज सुबह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।बताया गया है कि त्रापज के पास हाइवे पर एक डंपर में खराबी आ गई। इसलिए ड्राइवर ने उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इस बीच सूरत से राजुला जा रही एप्पल ट्रैवल्स की एक निजी बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। 20 से अधिक घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि निजी बस का आधा हिस्सा मुड़ गया। घायलों में से कुछ को तलाजा अस्पताल और कुछ को भावनगर अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

### राष्ट्रहित में है 'एक देश, एक चुनाव', विपक्ष का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण - जद( यू )

नई दिल्ली । जनता दल (यूनाईटेड) ने मंगलवार को 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को देश हित में करार दिया और कहा कि लोकसभा में इसे पेश किए जाने के दौरान कांग्रेस का रवैया बेहद 'दुर्भाग्यपूर्ण' रहा। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक बयान में कहा कि उनकी पार्टी पहले से ही इस विधेयक के समर्थन में रही है। उन्होंने कहा, ''इस फैसले से लोकतंत्र में मजबूती आएगी एवं सरकार की योजनाओं और नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी। साथ ही बार-बार चुनाव में होने वाली फिजूल खर्ची पर भी रोक लगेगी।''कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को पुरस्थापित करने के लिए संसद के निचले सदन में रखा। प्रसाद ने कहा कि आजादी के बाद छठे दशक के उत्तरार्ध तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होते थे लेकिन असमय राज्य सरकारों के पतन एवं विधानसभाओं के चुनाव की वजह से हर समय देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होने लगे। उन्होंने कहा, ''अगर एक बार फिर से यह लागू होता है तो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता को बनाए रखने में कारगर साबित होगा।''

### प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरणविद तुलसी गौड़ा के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पर्यावरणविद तुलसी गौड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए मार्गदर्शक बनी रहेंगी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कर्नाटक की एक सम्मानित पर्यावरणविद और पद्म पुरस्कार विजेता तुलसी गौड़ा जी के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्होंने अपना जीवन प्रकृति को समृद्ध करने, हजारों पौधे लगाने और हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया था। वह पर्यावरण संरक्षण के लिए मार्गदर्शक बनी रहेंगी। उनका काम हमारे ग्रह की रक्षा के लिए पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना।''गौड़ा का सोमवार को कर्नाटक के उत्तर जिले के होन्नाली गांव में उनके आवास पर उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 86 वर्ष की थीं। वह हलाक्की जनजाति से ताल्लुक रखती थीं। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। उन्हें 2021 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

### 93 आपराधिक मामलों में शामिल कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली । राजौरी गार्डन पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश व वाहनचोर रवि उर्फ करन को गिरफ्तार किया है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि जांच में इस पर 93 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो ईको वैन, पांच मोटरसाइकिल व पांच स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, राजौरी गार्डन इलाके से ईको वैन चोरी की शिकायत थाने में दर्ज थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए रवि उर्फ करन की पहचान की। इसके बाद तकनीकि टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और छापा मारकर आरोपी रवि को चोरी की ईको वैन समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद इसकी निशानदेही पर चोरी के 11 अन्य वाहन बरामद कर लिए गए। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के बाद 12 मामले सुलझाने का दावा किया है।

# अब नए हैंडबैग के साथ संसद पहुंची प्रियंका गांधी, इस बार बांग्लादेशी हिंदुओं की बात

नई दिल्ली । कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की एक तस्वीर सामने आई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रियंका गांधी मंगलवार को एक हैंडबैग लेकर पहुंचीं, जिसमें लिखा है, बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों। इस बैग पर एकता को दर्शाती मुट्ठी और शांति दूत कबूतर बने हैं। केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो अत्याचार हो



रहा है, सरकार को उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, बांग्लादेश सरकार से बातचीत करनी चाहिए और पीड़ितों को पूरा समर्थन देना चाहिए। दूसरा दिन है जब प्रियंका गांधी खास संदेश से बना बैग लेकर पहुंची हैं। एक दिन पहले वो फिलिस्तीन के समर्थन वाला हैंडबैग लेकर पहुंची थीं। जिसमें उनका फिलिस्तीन प्रेम दिखाई दिया था।

संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी सोमवार को एक बैग लेकर पहुंचीं, जिसमें 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बैग के जरिए सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं। इसे लेकर उन्हें काफी आलोचना भी झेलनी पड़ी थी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं।

इतना ही नहीं प्रियंका गांधी ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी। वहीं बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने जमकर नारेबाजी की और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में ऊर्जा, सड़क एवं रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया



जयपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में ऊर्जा, सड़क एवं रेलवे से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से राजस्थान के पर्यटन, यहां के किसानों और नौजवानों को बहुत फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने यहां दादिया में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये परियोजनाएं राजस्थान में पेयजल की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगी और राजस्थान को देश में सबसे बेहतर संपर्क वाले राज्यों में से एक बनाएंगी। उन्होंने कहा, ''इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा। रोजगार के कई अवसर बनेंगे। राजस्थान में पर्यटन, यहां के किसानों, नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा।''आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की नौ परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिनमें केंद्र सरकार की सात और राज्य सरकार की दो परियोजनाएं शामिल हैं। इसी तरह, उन्होंने 35,300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिनमें केंद्र सरकार की नौ और राज्य सरकार की छह परियोजनाएं शामिल हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें नवनेरा बैराज, स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन नेटवर्क और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली से जुड़ी परियोजनाएं, रेलवे के भीलड़ी-समदड़ी-लूणी-जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना-रतनगढ़ खंड का विद्युतीकरण शामिल है। अधिकारियों के अनुसार, ये परियोजनाएं लोगों के आवागमन को सुगम बनाने और प्रधानमंत्री के हरित ऊर्जा के दृष्टिकोण के अनुरूप राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगी। इसी तरह, प्रधानमंत्री ने 9,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रामगढ़ बैराज और महलपुर बैराज के निर्माण कार्य तथा चंबल नदी पर नहर के माध्यम से नवनेरा बैराज से बीसलपुर बांध और ईसरदा बांध तक पानी पहुंचाने की प्रणाली की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्यालय भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने, पूगल (बीकानेर) में 2000 मेगावाट के एक सौर पार्क और 1000 मेगावाट के दो चरणों के सौर पार्कों के विकास तथा सैपऊ (धौलपुर) से भरतपुर-डीग-कुम्हेर-नगर-कामाण एवं पहाड़ी तथा चंबल-धौलपुर-भरतपुर तक पेयजल आपूर्ति लाइन के 'रेट्रोफिटिंग' (पुरानी या कम कुशल व्यवस्था में बदलाव किए बिना नई, अधिक ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों को लगाने की प्रक्रिया) कार्य का भी शिलान्यास किया।

उन्होंने लूणी-समदड़ी-भीलड़ी डबल लाइन, अजमेर-चंदेरिया डबल लाइन और जयपुर-सवाई माधोपुर डबल लाइन रेलवे परियोजना के साथ-साथ अन्य ऊर्जा पारेषण से संबंधित परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया।

## सीएम ने मुकुंदपुद में स्कूल के नवनिर्मित अकेडमिक ब्लॉक का किया उद्घाटन

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार ने बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर गांव स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एक नया वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक तैयार करवाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने उद्घाटन कर इस स्कूल को बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि मुकुंदपुर गांव की घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच बना स्कूल का ये शानदार ब्लॉक प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति की बदौलत अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं बनता, अच्छी शिक्षा पाकर अपने सपने पूरे करता है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 24,000 कमरे बने लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने मात्र 10 सालों में 65 सालों का काम किया और 22,000 से ज़्यादा कमरे बनवाए। स्कूल का निरीक्षण करने के




दौरान आतिशी ने कहा कि मैंने बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की लेकिन ऐसी सुविधाएं वहां भी नहीं थीं। आतिशी ने कहा कि इतनी घनी आबादी इतनी संकरी गलियों के बीच इतनी शानदार बिल्डिंग बनी है। इस पूरे इलाके के प्राइवेट स्कूलों में इतनी शानदार बिल्डिंग, इतने शानदार क्लासरूम, लैब नहीं मिलेंगे। नए अकेडमिक ब्लॉक से छात्राओं को होगा फायदा, पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना होगा। इस बिल्डिंग के बनने से पहले घनी आबादी के कारण यहां एक क्लास में 80-80 बच्चे बैठते थे। जब एक क्लास में इतने बच्चे बैठते हैं तो चाहे टीचर कितनी भी कोशिश करें लेकिन पढ़ाई का वो स्तर नहीं आ पाएगा। लेकिन इस नई बिल्डिंग के साथ अब यहां पढ़ाई के स्तर में भी सुधार आएगा। आतिशी ने कहा कि मैं दिल्ली के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूल में से एक में पढ़ी लेकिन वहां भी ऐसा शानदार जियोग्राफी लैब नहीं थी। एक समय ऐसा था जब लैब में मौजूद इक्यूपमेंट्स-कंप्यूटरों को बच्चों को हाथ भी नहीं लगाने दिया जाता था लेकिन आज इस लैब को देखकर तो इस लैब को दिखाने वाली बच्ची का आत्मविश्वास देखकर समझ आ गया कि अब जमाना बदल गया है।

## चिकित्सा पेशे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से पता चलता है, भारत बन रहा है एक विकसित समाज- मुर्मू



मंगलगिरी । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के मंगलगिरी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी उच्च शैक्षणिक संस्थान का प्रारंभिक बैच उस संस्थान की पहचान बनाता है। राष्ट्रपति ने एमबीबीएस के पहले बैच के स्नातकों से कहा कि वे चिकित्सा जगत, समाज, देश और विदेशों में एम्स मंगलगिरी के पहले ब्रांड एंबेसडर हैं। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों से कहा कि चिकित्सा पेशा (मेडिकल प्रोफेशन) का चयन कर उन्होंने मानवता की सेवा का रास्ता चुना है। उन्होंने डॉक्टरों को सफल होने और सम्मान हासिल करने के लिए तीन सामान्य बातों- सेवा, ज्ञानार्जन और अनुसंधान अभिविन्यासों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रसिद्धि और धन के बीच चयन करना पड़े तो उन्हें प्रसिद्धि को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारतीय डॉक्टरों ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से दुनिया के विकसित देशों में अग्रणी मुकाम हासिल किया है। दूसरे देशों से लोग बेहतर चिकित्सा के लिए भारत आते हैं। भारत ग्लोबल पटल पर सस्ते चिकित्सा पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और डॉक्टरों की इसमें प्रमुख भूमिका रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी परंपरा में दीर्घायु, रोग मुक्त और स्वस्थ रहने की प्रार्थना की जाती है। जीवन और स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि मंगलगिरी एम्स का आदर्श वाक्य सकल स्वास्थ्य सर्वदा समग्र स्वास्थ्य सेवा और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा के आदर्शों से प्रेरित है। समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना इस संस्थान के प्रत्येक चिकित्सा पेशेवरों का मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान को बदलते समय और परिस्थितियों के अनुसार नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। और इसके लिए नए समाधानों की जरूरत होती है। मंगलगिरी स्थित एम्स की साइटोजेनेटिक्स (ऊतक, रक्त, रक्त मज्जा, या संवर्धन कोशिका) प्रयोगशाला इसी दिशा में किया गया प्रयास है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान इस प्रयोगशाला के उपयोग से नए अनुसंधान और उपचार विकसित करेगा।

## यूपी विधानसभा - 17 हजार 865.72 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश



लखनऊ । विधानमंडल के शीत सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्य सरकार ने 17 हजार 865.72 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को 17 हजार 865.72 करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। मूल बजट 7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ का 2.42 फीसद है। इसमें 790.49 करोड़ के नए प्रस्ताव हैं। इसमें सबसे अधिक कृषि और उद्योग को बजट आवंटित किया गया। इसके पहले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि जितनी महिला बैठी हैं, सब हमारी बहन-बेटी हैं। योगी सरकार कि सख्ती के कारण अपराध में कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तेजी से सजा कराई। इतना पहले कभी नहीं हुआ। पॉक्सो एक्ट में 2017 में 415 लोगों को सजा हुई। 2023 में 2,841 अपराधियों को सजा हुई। इस साल 2,440 अपराधियों को सजा हुई।

हत्या में 48.57 फीसदी कमी आई है। विधानभा में मछलीशहर से विधायक रागिनी सोनकर ने शायरना अंदाज में तंज कसा, शर्मनाक है कि काम नहीं किया जा रहा है।

लोग प्यासे हैं, हैंडपंप तक नहीं दिया जा रहा है। विधानसभा में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यूपी में शिक्षकों की नई भर्ती नहीं होगी। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी स्कूल को बंद नहीं किया जाएगा। विधानसभा में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कितने पंचायत सहायकों की भर्ती की गई है। उनको कितना मानदेय दिया जा रहा है। आगे उनको लेकर क्या योजनाएं हैं?

## एक साथ चुनाव संबंधी विधेयक संविधान और संघवाद के खिलाफ- प्रियंका गांधी

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाला विधेयक संविधान एवं संघवाद के खिलाफ है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''यह संविधान विरोधी विधेयक है। यह हमारे राष्ट्र के संघवाद के खिलाफ है। हम इसका विरोध कर रहे हैं।''सरकार ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुरस्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद विधेयक को पुरस्थापित कर दिया गया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट, जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इसके बाद मेघवाल ने ध्वनिमत से मिली सदन की सहमति के उपरांत 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को भी पेश किया।

## संपादकीय

# मन के कारण ही पूरा शरीर कार्य करता है

मन अत्यंत शक्तिशाली है। यदि सद्विचारों के साथ आगे बढ़ा जाए तो मन के द्वारा जीवन में व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होते हैं। जेम्स एलेन ने एक पुस्तक में कहा भी है कि अच्छे विचार बीजों से सकारात्मक और स्वास्थ्यप्रद फल सामने आते हैं। इसी तरह बुरे विचार बीजों से नकारात्मक और घातक फल आपको वहन करने ही पड़ेंगे। जिस प्रकार व्यक्ति के व्यक्तित्व के दो प्रकार- बाहरी और आंतरिक होते हैं ठीक उसी प्रकार मन के भी चार प्रकार होते हैं। मनोवैज्ञानिकों ने मन की चार प्रवृत्तियां बताई हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि व्यक्ति अक्सर वर्तमान मन, अनुपस्थित मन, एकाग्र मन और दोहरे मन वाले होते हैं। जो व्यक्ति जीवन में अधिकतर वर्तमान मन के साथ आगे बढ़ते हैं वे जीवन में सफलता पाते हैं। इसी तरह अनुपस्थित व दोहरे मन वाले व्यक्ति भटकते रहते हैं। वर्तमान मन यानी अभी क्या चल रहा है, उसे देखने वाला मन। अनुपस्थित मन से अभिप्राय है कि मन का कार्य के समय वहां पर न होकर कहीं ओर होना। एकाग्र मन में व्यक्ति एक ही सत्य और कार्य के लिए ग्रहणशील होता है। दोहरे मन में व्यक्ति के दो मन बन जाते हैं। एक ओर उसका मन कह रहा होता है कि किसी काम को करना चाहिए तो दूसरा मन कह रहा होता है कि अभी रुकना चाहिए। वर्तमान और एकाग्र मन के साथ काम करने वाले व्यक्ति असाधारण सफलता प्राप्त करते हैं। दार्शनिक मार्ले का मानना है कि विश्व के हर काम में यश प्राप्त करने के लिए एकाग्रचित्त होना आवश्यक है। दोहरा और अनुपस्थित मन व्यक्ति को लक्ष्य व कार्य से भटका देता है। यदि मन कहीं ओर होता है यानी अनुपस्थित होता है तो महत्वपूर्ण निर्णय और बातें भी समझ में नहीं आती हैं। मन के कारण ही पूरा शरीर कार्य करता है। कई व्यक्तियों के मन में प्रारंभ से ही यह बात बैठ जाती है कि वह किसी विशेष काम को नहीं कर सकते। मसलन कई लोगों को लगता है कि वे अपने जीवन में कभी मंच पर नहीं बोल सकते हैं तो कई लोगों को गणित विषय हौवा लगता है। इसी तरह कई लोगों को यह संकोच होता है कि अंग्रेजी न बोल पाने के कारण वे कामयाबी नहीं पा सकते। यह स्थिति उस समय उत्पन्न होती है जब व्यक्ति मन की शक्ति को समझ नहीं पाता और मन में दोहरी स्थितियां उत्पन्न कर लेता है।

# प्रयास की जीत ( बरल कहानी )

कविता जब किसी गेम में हारने लगती, तो तेज आवाज में रोने लगती या फिर विजेता टीम के किसी खिलाड़ी को मारकर भाग जाती। उसके इस स्वभाव से उसके दोस्त बहुत परेशान थे। एक दिन जब वह क्रिकेट खेलते हुए हारने लगी, तो वह जोर-जोर से रोने लगी। यह देखकर उसके सभी दोस्त उसकी ओर भागे। उनमें से रोहित ने उससे पूछा, क्या हुआ कविता? तुम इस तरह क्यों रो रही हो? उसने गुस्से में आकर एक छोटा-सा पत्थर रोहित के सिर पर दे मारा और वहां से भाग गई। उसके इस व्यवहार से सभी दोस्त हैरान थे। अब रोहित ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक योजना बनाई। अगले दिन सभी दोस्त कविता से बोले, आजकल प्रेरणा पार्क में रोज क्रिकेट खेला जाता है। क्यों न हम सभी रोज वहां जाकर खेल का मजा लें। कविता को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी, क्योंकि प्रेरणा पार्क उसके कमरे की खिड़की से दिखाई देता था। फिर भी दोस्तों के बार-बार कहने पर कविता ने हां कर दिया। अगले दिन सभी लोग खेल देखने गए। खेल के अंत में कविता यह देखकर भौंचक्की रह गई कि हारी हुई टीम के खिलाड़ी और जीती हुई टीम के खिलाड़ी हंसते हुए एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे। खेल खत्म होने के बाद वे एक-दूसरे से खूब हंस-बोल भी रहे थे। वहां से घर लौट आने के बावजूद वह बार-बार उस घटना के बारे में सोच रही थी। वह अपने कमरे की खिड़की के पास जाकर बैठ गई। उसने पार्क की तरफ देखा कि हारे हुए खिलाड़ी अगले मैच के लिए अभ्यास कर रहे हैं। दूसरे दिन वह पार्क में खेल शुरू होने से पहले वहां पहुंच गई। उन खिलाड़ियों से उसने पूछा, कल मैच में हारने के बाद भी आप लोगों को गुस्सा क्यों नहीं आया? वे सभी एक साथ बोल पड़े, खेल में हार-जीत तो होती रहती है। हमें अपनी कमियों पर विचार करना चाहिए। हमें इस बात की खोज करनी चाहिए कि हम अपनी किस कमी की वजह से हारे हैं, न कि क्रोधित होना चाहिए। तभी जीत हमारे कदम चूम सकती है। इसके बाद सभी खिलाड़ी खेलने चले गए। इस बार जीत उनकी हुई। अब कविता सारी बातें समझ चुकी थी। हारने पर किसी की पिटाई करने या रोने की उसकी बुरी आदत भी हमेशा के लिए खत्म हो गई। कविता में हुए परिवर्तन को देखकर रोहित और उसके सभी दोस्त भी काफी खुश थे।

# 18 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.06 प्रात-
सूर्यास्त- 05.40 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 08.45 दोपहर
चंद्र अस्त- 10.26 प्रात-
चंद्रमा- कर्क राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-17 पूर्णिमांत महीना पौष-03 पक्ष- कृष्ण पक्ष-03 तिथि- तृतीया प्रात- 10.06 तक बाद में चतुर्थी, नक्षत्र- पुनर्वसु प्रात- 12.44 तक बाद में पुष्य,योग-इंद्र साय- 07.33 तक बाद में वैधृती, करण- विष्टी प्रात- 10.06 तक बाद में बव रात्रि- 09.58 तक बाद में बालव,
राहु काल प्रात- 12.00 से 01.30 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 10.30 से 12.00 बजे तक यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, दुमुहूर्त दोपहर- 12.02 से 12.44 तक अमृत काल प्रात- 06.30 से 08.07 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.30 से 06.18 तक।

# आज 18 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर में बड़ा संकट आ सकता है, सतर्कता बरतनी होगी, स्कूल आदि बनाने की प्लानिंग कर सकते है, नर्सिंग कोर्स करने वालो की जॉब लगेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ- कुछ महत्वपूर्ण प्लान में बाधा आ सकती है, व्यवसाय के लिए पार्टनर ढूंढ सकते है, प्रेम विवाह में परिवर्तित हो जाएगा।
भाग्य प्रतिशत-58

मिथुन- जीवन धीमे ही सही पटरी पर आयेगा,भाई से किसी चीज़ पर विवाद हल करने का प्रयास होगा, रिश्तेदार के यहां से निमंत्रण मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-56

कर्क- स्वयं के लिए प्रयास बढ़ाने होगे, बीपी का ध्यान रखें किसी बात पर जल्दी प्रतिक्रिया ना दे, चालाक लोगों से बचें।
भाग्य प्रतिशत-53

सिंह- दूसरे शहर में बसना चाहेंगे, फ्लेट लेने में बाधा सम्भव है, थोड़ी नींद में परेशानी होगी,प्रॉपर्टी को बैंक को देना या एटीएम लगवा सकते है।
भाग्य प्रतिशत- 77

कन्या- पार्टी या सामाजिक जगह पर किसी से मिलेंगे, फोन नंबर भी लेंगे, इन्टरनेट माध्यम से लेखन करते है तो अच्छा लिखेंगे,नेटवर्क मार्केटिंग द्वारा सामान बेचेंगे।
भाग्य प्रतिशत-80

तुला- नौकरी में परेशानी हल होगी, कुछ अन्य कार्य करने का भी सोच विचार बनेगा, बैंक आदि से जरूरी कार्य के लिए पैसे निकाल सकते है।
भाग्य प्रतिशत-67

वृश्चिक- आर्थिक तंगी के लिए रास्ता मिल जाएगा, लोग भी आपसे जुड़ना पसन्द करेंगे, वाणी उत्तम रहेगी इसलिए हर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

धनु- इन्वेस्ट करने की योजना है कई सारी स्कीम पर विचार करेंगे, गुस्सा आयेगा परंतु खुद को जल्दी शांत भी कर लेंगे, माता ज्यादा परेशान रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-74

मकर- मकान में कुछ परेशानी है तो सही करवा सकते है, आर्किटेक्ट को कार्य मिलेगा थोड़ा पैसा कम मिल सकता है,अपनी बात पर अड़े रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-61

कुम्भ- नौकरी की स्तिथि काबु में आयेगी, सीनियर को समझा लेंगे, कारखाना चलाते है तो कारीगर को चोट लग सकती है, पब्लिशिंग व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-72

मीन-दूसरी संतान होने में थोड़ी परेशानी होगी, विवाह में पर्याप्त धन मिलेगा, मेहनत का फल भी मिलेगा खुश रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

# सोनू सूद और हनी सिंह का पार्टी एंथम गाना हिटमैन रिलीज




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सोनु सूद की आने वाली फिल्म फ़तेह का गाना हिटमैन रिलीज हो गया है। सोनू सूद की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म फतेह का दूसरा ट्रैक हिटमैन रिलीज़ हो गया है,जो एक धमाकेदार, धमाकेदार डांस एंथम है।यो यो हनी सिंह का गाना हिटमैन लियो ग्रेवाल के बोल और बॉस्को मार्टिस की बेहतरीन कोरियोग्राफी में बनाया गया है। यो यो हनी सिंह के साथ मिलकर काम करने पर सोनू सूद ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा , यह सफ़र तब शुरू हुआ जब हम दोनों पंजाबी सालों पहले चंडीगढ़ में मिले थे। हनी का संगीत उस समय भी सड़कों की धड़कन था और आज भी है। हिटमैन के लिए उनके साथ काम करना ऐसा लगता है जैसे किस्मत ने साथ दिया हो। उनकी धुनों ने फतेह को वह धार दी है जिसकी उसे ज़रूरत थी। यह गाना तीव्रता, व्यसनी धुन और विशुद्ध पंजाबी गौरव का पावरहाउस है। हनी सिंह ने कहा, मैं सोनू सर को 16 साल से भी ज़्यादा समय से जानता हूँ। तब भी, मैं जानता था कि वे सिर्फ़ फ़िल्मों में अभिनय करने के लिए नहीं बने हैं, वे फ़िल्में बनाने के लिए ही बने हैं। जब उन्होंने मुझे फतेह के बारे में कुछ बताया, तो मैंने एक फ़िल्म निर्माता के तौर पर उनके जुनून को महसूस किया। इस अद्भुत फ़िल्म के लिए हिटमैन बनाने का सौभाग्य मिलना उनके विज़न को साउंडट्रैक में शामिल करने जैसा था। मुझे याद है कि इतने साल पहले मैं चंडीगढ़ और मोहाली में संगीत बनाता था और उन्होंने हमेशा मुझे भरोसा दिलाया कि मुंबई मेरे संगीत के लिए पागल हो जाएगी। उस समय उनका मुझ पर विश्वास दुनिया के लिए मायने रखता था और आज हम प्रशंसकों को कुछ शानदार दे रहे हैं, अपनी पंजाबी जड़ों का जश्न मना रहे हैं। बोस्को मार्टिस ने कहा, यच अभिनय सिर्फ़ कोरियोग्राफी के बारे में नहीं था, यह निर्देशन के बारे में था।सब कुछ एक साथ लाना और पूरे माहौल को सहजता से बांधना। हनी के साथ पहली बार काम करना अविश्वसनीय था; उनकी ऊर्जा वास्तव में संक्रामक थी। उनकी शैली, उनका वाइब और मेरा विज़न सभी एकदम सही तरीके से मेल खाते थे। और फिर, सोनू थे, बहुत शांत और सहयोगी। उनकी मर्दानगी और मौजूदगी ने पूरे अनुभव में एक और परत जोड़ दी। यह सिर्फ़ डांस करने के बारे में नहीं था; यह इस बारे में था कि सब कुछ कैसे एक साथ आता है, और मुझे लगता है कि मेरी टीम ने इसे खूबसूरती से डिज़ाइन किया है। उन दोनों को निर्देशित करना एक बहुत ही संतोषजनक अनुभव था। सेट पर ऊर्जा अद्भुत थी, और यह सब सबसे अच्छे तरीके से एक साथ आया। दो बेहतरीन पंजाबी पुरुषों की अगुआई में, मेरी टीम के प्रयासों से, यह वास्तव में एक आनंददायक अनुभव बन गया। ज़ी स्टूडियोज़ के उमेश केआर बंसल और शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद द्वारा निर्मित और अजय धामा द्वारा सह-निर्मित,फ़िल्म फ़तेह, साइबर अपराध के खिलाफ़ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है।यह फ़िल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है। हिटमैन अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म और ज़ी म्यूज़िक कंपनी के म्यूज़िक चैनल पर उपलब्ध है।

# राहुल के बाद जडेजा, आकाश दीप की साहसी पारी ने भारत को बचाया फ्लोऑन से




ब्रिसबेन ।बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को वर्षा बाधित मुकाबले में भारत ने के एल राहुल (84), रवींद्र जडेजा (77) और आकाश दीप (नाबाद 27) रनों साहसिक अर्धशतकीय पारियों की मदद से फ्लोऑन को टालते हुए नौ विकेट पर 252 रन बना लिये है। दिन का खेल समाप्त होने के समय जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) और आकाश दीप (नाबाद 27) क्रीज पर मौजूद है। भोजनकाल के बाद बारिश रुकने पर बल्लेबाजी करने उतरी रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी की जोड़ी ने 53 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। 60वें ओवर में पैट कमिंस ने नीतीश कुमार रेड्डी (16) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके पांच रन बाद मिचेल स्टार्क ने मोहम्मद सिराज (एक) को आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। इस दौरान जडेजा एक छोर मजबूती से थामे रहे। जडेजा ने 82 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 22वां पचासा है। इसके बाद पैट कमिंस ने रवींद्र जडेजा को एम मार्श के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को नौवीं सफलता दिलाई। जडेजा ने 123 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (77)रनों की पारी खेली और 75वें ओवर में पैट कमिंस की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर आकाश दीप ने भारत को फ्लोऑन से बचाया। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने नौ विकेट पर 252 रन बना लिये है और जसप्रीत बुमराह (नाबाद 10) और आकाश दीप (नाबाद 27) क्रीज पर मौजूद है। भारत अभी भी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये 445 से 193 रन पीछ हैं। इससे पहले भारत ने आज चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम के स्कोर में 23 रन जुडे थे कि पैट कमिंस ने रोहित शर्मा 10 को अपना शिकार बनाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए पांचवां झटका। राहुल और रोहित के बीच 30 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। इसी दौरान केएल राहुल ने टेस्ट करियर का 17वां अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में उनका दूसरा अर्धशतक है। राहुल ने 139 गेंद में आठ चौके लगाते हुए (8 4) रन बनाये। इससे पहले सोमवार को यशस्वी चार रन, गिल एक रन, विराट तीन रन और पंत नौ रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क को तीन विकेट मिले। हेजलवुड और नेथन लायन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को रिकार्ड 423 रनों से हराया

हैमिल्टन । मिचेल सैंटनर (चार विकेट), टिम साउदी और मैट हेनरी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैड को दूसरी पारी में 234 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला रिकार्ड 423 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं शुरुआती दो मैच जीतने वाली इंग्लैड तीन मैचों की सीरीज विजेता रही। इंग्लैंड ने आज दो विकेट पर 18 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जेकब बेथेल और जो रूट ने संभलकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिये 104 रन जोड़े। मिचेल सैंटनर ने जो रूट (54) को पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद हैरी ब्रूक (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। टिम साउदी ने जेकब बेथेल (76) को आउटकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। गस ऐटकिंसन (43) और ब्राइडन कार्स (11) को मिचेल सैंटनर ने अपना शिकार बनाया। ऑली पोप (17) को मैट हेनरी ने बोल्ड आउट किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी 47.2 ओवर में 234 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिये। टिम साउदी और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले केन विलियमसन (156), डैरिल मिचेल (60), मिचेल सैंटनर (49) और टॉम ब्लंडल (नाबाद 44) की साहसिक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को टेस्ट मैच के तीसरे दिन 658 रनों का विशाल लक्ष्य था। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। मैथ्यू पॉट्स ने रचिन रवींद्र (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने मोर्चा संभाला। डैरिल मिचेल (60) को जेकब बेथेल ने आउट किया। ग्लेन फिलिप्स (तीन) और मिचेल सैंटनर (49) रन बनाकर आउट हुये। केन विलियमसन ने 204 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (156) रनों की शानदार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 101.4 ओवर में 453 रन बनाये। और पहली पारी के आधार पर मिली 204 रनों की बढ़त के साथ इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की ओर से जेकब बेथेल ने तीन, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट लिये। मैथ्यू पॉट्स, गस ऐटकिंसन और जो रूट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 143 रन बनाये थे।

# दिलजीत दोसांझ पहुंचे 'धरती के स्वर्ग', कश्मीर को बताया सुकून



मुंबई ।मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने सुकून के पल कश्मीर में गुजार रहे हैं। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की एक रील शेयर की। रील वीडियो की शुरुआत में वह पक्षियों के साथ खेलते, प्रार्थना करते , कश्मीर के खूबसूरत इलाकों में घूमते, स्थानीय लोगों से रूबरू होते, प्रशंसकों के साथ तस्वीरें लेते और यहां तक कि बाजार से सामान खरीदते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर में उन्होंने सूफी संगीतकार मिलाद रजा कादरी का गाना वही खुदा है गाना लगाया। उन्होंने कैप्शन में कश्मीर की तुलना सुकून से की। लिखा-कश्मीर सुकून हाल ही में दिलजीत ने बताया था कि वह पंजाब की स्पेलिंग में 'यू' की जगह 'ए' क्यों लिखते हैं? गायक-अभिनेता, जो भारत में अपने दिल-लुमिनाती टूर में धमाल मचा रहे हैं, ने भारतीय राज्य पंजाब की स्पेलिंग को लेकर अपने खिलाफ लगाए गए कथित षड्यंत्र के बारे में बताया। सोमवार को अभिनेता-गायक ने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि अंग्रेजी एक बहुत ही कठिन भाषा है। उन्होंने लिखा, पंजाबी। अगर मैंने ट्वीट में 'पंजाब' (यहां भी पंजाब लिखने के लिए उन्होंने 'यू' की जगह 'ए' का इस्तेमाल किया) लिखने के बाद गलती से भारत का झंडा नहीं लगाया तो यह एक साजिश बन जाती है। बेंगलुरू से एक ट्वीट में, मैं 'पंजाब' लिखने के बाद भारतीय ध्वज का उल्लेख करना भूल गया, इसे एक साजिश बना दिया गया। उन्होंने आगे कहा, अगर आप पंजाब में 'यू' की जगह 'ए' लिखेंगे तो यह 'पंजाब' ही रहेगा। पंज आब - 5 नदियां। शाबाश, जो लोग अंग्रेजों की भाषा में इस्तेमाल के इर्द-गिर्द षड्यंत्र रचते हैं। आप जानते हैं, मैं 'पंजाब' लिखूंगा। हम कितनी बार साबित करेंगे कि हम भारत से प्यार करते हैं? कुछ नया लाओ, या षड्यंत्र रचने के लिए ही तुम्हें पैसे मिलते हैं? सवेले इससे पहले, अभिनेता-गायक ने चंडीगढ़ में एक शो किया था। तब उन्होंने कहा था कि जब तक देश में कॉन्सर्ट के लिए बुनियादी ढांचे को व्यवस्थित नहीं किया जाता, तब तक वे भारत में लाइव शो नहीं करेंगे। उन्होंने एक क्लिप में कहा, यहां हमारे पास लाइव शो के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। यह बड़े राजस्व का स्रोत है, कई लोगों को काम मिलता है और वे यहां काम करने में सक्षम हैं। मैं अगली बार कोशिश करूंगा कि मंच बीच में हो ताकि आप उसके आसपास रह सकें। जब तक ऐसा नहीं होता, मैं भारत में शो नहीं करूंगा।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट का रुख

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार की स्थिति में कुछ सुधार होता हुआ नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार की गिरावट बढ़ती चली गई। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अडाणी पोर्ट्स और विप्रो के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ग्रासिम और भारती एयरटेल के शेयर 2.44 प्रतिशत से लेकर 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,351 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,063 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,291 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 236.76 अंक की कमजोरी के साथ 81,511.81 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 81,613.64 अंक तक पहुंचा, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ने लगी। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 477.03 अंक की कमजोरी के साथ 81,271.54 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 83.45 अंक लुढ़क कर 24,584.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 24,624.10 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने लगातार गिरना शुरू कर दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद निफ्टी 142.30 अंक टूट कर 24,525.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 384.55 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,748.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 100.05 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,668.25 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# जनपद में प्रथम स्थान पर आने वाले बच्चों द्वारा मंडल स्तर पर प्रतिभा किया जाएगा-रितु तोमर





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । बेसिक शिक्षा विभाग जनपद स्तरीय द्वारा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन एल एन पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य जितेंद्र मलिक एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक एल एन पब्लिक स्कूल पंकज अग्रवाल व जयवीर सिंह पूर्व प्राचार्य डाइट ,प्रिंसिपल एलेन पब्लिक स्कूल आराधना बाजपेई द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा के नेतृत्व में मार्च पास्ट का आयोजन कर मनचासीन अतिथियां को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर द्वारा हरी झंडी दिखाकर 50 मीटर दौड़ का आयोजन कर मैदान पर खेलो को शुरू कराया गया। प्राचार्य डाइट द्वारा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेलों में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी गयी । बीएसए द्वारा कहा गया कि जनपद में प्रथम स्थान पर आने वाले बच्चों द्वारा मंडल स्तर पर और उसके बाद मण्डल स्तर पर प्रतिभा किया जाएगा। यही बच्चे आगे जाकर राज्य व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर परदेश का नाम रोशन करते हैं। जनपद स्तरीय खेलो में अलग-अलग इवेंट्स कराई गयी। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश गुप्ता ,देशराज वत्स धौलाना,सर्वेश कुमार सिंभावली एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज गुप्ता द्वारा अपने-अपने ब्लॉक की टीम का नेतृत्व किया गया। ब्लॉक पीटीआई जय श्री ,सरिता चौधरी,सत्येंद्र कुमार,आशा कुमारी, ललित, मीनू, रजनी, मीनाक्षी, सीमा, निधि, गार्गी, लोकेश, मिर्शीद द्वारा मैदान पर रहकर रेफरी के रूप में खेलों का आयोजन कराया गया।मंच संचालन संजय शर्मा अंजू आजाद डा .रेनू द्वारा किया गया। प्रमाण पत्र और व्यवस्था प्रभारी अखिलेश शर्मा, दिव्या ,आस मोहम्मद ,हरेंद्र ,रश्मि शर्मा ,आकांक्षा त्यागी ,शिखा ,मुइन आलम टुशलेन्द्र ,मीनाक्षी द्वारा किया गया बीएसए रितु तोमर द्वारा समस्त आगंतुकों का धन्यवाद व्यापित किया गया।

## ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा सहित पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने हापुड़ सदर एसडीएम से मुलाकात कर हापुड़ क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ज्ञापन सौंपा, प्रतिनिधि मंडल सहित ज्ञापन को एसडीएम को सौंपते हुए पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि हापुड़ को जिला स्तरीय पर गठन हुए 12 वर्ष से अधिक का समय हो गया है, देखने में आया है कि शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली मौहल्ले की सड़के आए दिन शंकरी होती नजर आ रही हैं, आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति भयावह बनी रहती है, जिसको लेकर छुटपुट वाहनों से ही जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिसमें आम आदमी का निकलना बामुश्किल हो जाता है, देखने में आया है कि पक्का बाग के नारायण गंज में तो सड़क किनारे मकान होने पर मकानदार ने सड़क पर दिवार लगाकर सड़क को ही अपने कब्जे में ले लिया, ऐसा ही माजरा गोल मार्केट, कोठी गेट बाजारों का है, जहां दुकानदारों ने दुकान के आगे दुकान का सारा सामान निकालकर रहते हुए सड़क पर ही दुकान लगा दी, इस तरह के बढ़ते अतिक्रमण पर अगर जल्द ही काबू नहीं किया गया तो हापुड़ क्षेत्र की स्थिति और भी भयावह हो सकती है, प्रतिनिधि मंडल की बातों से आश्वस्त होते हुए, एसडीएम हापुड़ ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा सहित आए प्रतिनिधि मंडल को सांत्वना देते हुए जल्द ही हापुड़ क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिया, । प्रतिनिधि मंडल में शामिल पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट प्रदेश कानूनी सलाहकार, पंडित लोकेश शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी, आबिद सैफी अध्यक्ष मेरठ मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सुनील शर्मा ,युवा जिलाध्यक्ष हापुड़, इरफान सैफी शहर अध्यक्ष हापुड़ व अन्य लोग उपस्थित रहे ।।

## नुक्कड़ सभा का आयोजन किया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चे के सदस्य मोहसिन उर्फ़ बबलू भैया के द्वारा एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें किसान मजदूर से संबंधित उनकी समस्याओं का हाल जाना वह पिछले 17 दिनों से अनशन पर बैठे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य डंडेवाल जी के स्वास्थ्य को लेकर के चर्चा की गई वह आगे की रणनीति तैयार करते हुए भारतीय किसान यूनियन बाबा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान भाई जी द्वारा सभी सम्मानित साथियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार से संबंधित जिम्मेदारी दी गई वह इमरान ने कहा जैसे ही संयुक्त किसान मोर्चा का आह्वान होगा प्रत्येक साथी को अपने साथ 15, 15 दिन का राशन वह रोज मरजा के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं का एक बैग अपने साथ तैयार रखें जैसे ही संयुक्त किसान मोर्चा का आदेश होगा समस्त कार्य करने गाजीपुर के लिए कूच करेगी वह भारतीय किसानों ने बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ बबलू भैया ने कहा आए दिन किसान व मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के कारण समस्त किसान कार्यकर्ताओं में रोष है वह किसान मौजूदा समय में मांगी क्या रहे हैं एक। एम् एस पी गारंटी कानून की ही मांग कर रहे हैं वह भी उसे नहीं मिल रहा है पिछले कुछ माह से कुछ किसान संगठन का आंदोलन चला हुआ है लेकिन अबकी बार लड़ाई आर पार की होगी इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष हापुड़ नितिन जाटव ,धर्मेंद्र , नदीम ,नौशाद ,अमीचंद अंशुमन त्यागी, रहमान ,नासिर, प्रशांत त्यागी ,निर्दोष प्रधान ,कपिल गोयल, प्रमोद त्यागी ,सलीम अब्बासी, कपिल भाई, एडवोकेट पिंकी संगीता व समस्त कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

# अपहृत 6 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद करने पर महिला मुख्य आरक्षी को एसपी ने किया सम्मानित

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। के थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा अपहृत 6 वर्षीय बच्ची को अथक प्रयास के बाद 48 घंटो में सकुशल बराम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला मुख्य आरक्षी रश्मि व महिला मुख्य आरक्षी नीरज को पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और मिशन शक्ति अभियान व महिला सशक्तिकरण के मूल उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के दृष्टिगत हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में समस्त थानों पर तैनात एंटीरोमियो टीम व महिला बीट कर्मियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, यातायात क्षेत्राधिकार स्तुति सिंह व अन्य पुरुष व महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




## ध्वजारोहण और मशाल जला कर विधिवत रूप से खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। बेसिक शिक्षा विभाग जनपद बुलंदशहर की 41वीं जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वर्ष 2024 का भव्य शुभारंभ दिनांक 17 दिसंबर 2024 को यमुनापुरम स्टेडियम में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, एवं प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सामूहिक रुप से सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तदोपरांत ध्वजारोहण और मशाल जला कर विधिवत रूप से खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। परिषदीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को सलामी दी गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी बच्चों को पूर्ण सुचिता व पारदर्शिता के साथ खेल भावना को बढ़ाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के बीच में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ, जिला विकास अधिकारी द्वारा स्काउट गाइड के कैंपों का निरीक्षण भी किया गया। आज हुई प्रतियोगिताओं में 50 मीटर दौड़ में शिवम स्याना ब्लॉक से, 100 मीटर दौड़ में बुलंदशहर ब्लॉक से मोहम्मद शाद, 200 मीटर दौड़ में बुलंदशहर ब्लॉक से अमन और 400 मीटर दौड़ में जहांगीराबाद ब्लॉक से कारण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे के साथ जनपद के समस्त विकास खण्डों के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने किया धरना प्रदर्शन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। बुलंदशहर में चौधरी कुलदीप गुड्डू एनसीआर अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काली नदी के सौंदर्यकरण साफ सफाई के लिए काफी पैसा जनपद बुलंदशहर को दिया था जिसमें सदर विधायक श्री प्रदीप चौधरी के द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लिखित रूप में पत्र जारी करके लगाएं गए थे काली नदी की कोई साफ सफाई नहीं हो पाई जिस कारण गांव याकूबपुर बैलोट मीरपुरा रमपूरा दौलतगढ़ अचेजा बनवारीपुर आदि गांव में काली नदी का प्रदूषित पानी खेतों में आ गया है जिससे फसल खराब हो रही है व गेहूं की फसल की बुवाई भी नहीं हो पाएगी हरियाणा सरकार के द्वारा गन्ना का मूल्य 400 प्रति कुंतल पंजाब सरकार के द्वारा गन्ना का मूल्य 410 प्रतिरूप कुंतल निश्चित किया हुआ है परंतु उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कोई मूल्य निर्धारण नहीं है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में काफी आगे है माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग है कि गन्ना का मूल्य 450 प्रति कुंतल करने का कष्ट करें चकबंदी में महा भ्रष्टाचारी चरम पर है तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है ग्राम पंचायत की भूमी पर अवैध कब्जे भू माफियाओं ने कर रखे हैं जिन की जनपद बुलंदशहर में बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है केवल रिपोर्ट तक सीमित है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री ईमानदार हैं संत हैं परंतु जनपद बुलंदशहर भ्रष्टाचार के मामले में पूर्ण रूप से फेल है जिलाधिकारी महोदय को भ्रष्टाचार की शिकायत पर सख्त से सखृत कार्रवाई करनी चाहिए काली नदी के पानी से जो फसल बर्बाद हुई है काली नदी की सफाई हो ताकि किसान अपने खेतों की बुवाई कर सकें आज युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर रोहित चौधरी निवासी सलेमपुर को वरिष्ठ पदाधिकारी राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर मंडल अध्यक्ष सोनू तेवतिया जिला अध्यक्ष विष्णु चौधरी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मेरठ प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा विकास चौधरी व अन्य पदाधिकारी की सहमति से नियुक्त किया गया इस मौके पर डॉक्टर नहीं राजेंद्र सिंह राजेंद्र चौधरी व्यंजन लोग मौजूद रहे

## फेंसिंग काटकर दबंगों द्वारा प्लाट पर अवैध कब्ज़े का आरोप

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस मुख्यालय से महज़ दो सौ मीटर की दूरी पर कुछ दबंगों द्वारा एक खाली पड़े प्लाट पर कब्ज़ा करने का मामला सामने आया है। प्लाट स्वामी ने शिकायत पुलिस कप्तान से की है कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी इरशाद अहमद ने एसएसपी श्लोक कुमार को बताया है कि उनका नगर के काला आम चौराहे डीएम रोड स्थित ब्रहमपुत्र कम्पलेक्स में एक प्लाट स्थित है जिसपर कब्ज़ा करने की कोशिश की जा रही है। 12 नवम्बर को शाम के 7 से 9 के बीच पीड़ित की अनुपस्थिति में मार्किट के कुछ दबंग लोगों द्वारा तारों की फेंसिंग को काटकर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई जिसकी सीसीटीवी फुटेज पीड़ित द्वारा जब देखी गई तो आरोपियों की पहचान हो गई। पीड़ित इरशाद अहमद ने इसकी शिकायत जब पुलिस कप्तान श्लोक कुमार से की तो पुलिस कप्तान ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

## लापरवाह कार चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर एक गंभीर रूप से घायल अस्पताल में कराया भर्ती



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के हुलासन रोड पर मुर्गा फार्म के सामने कार और बाइक की हुई टक्कर बाइक सवार के आई गंभीर चोट प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन पुत्र राकेश सैनी निवासी शिकारपुर अपने चाचा सोनू के साथ बैठकर बाइक पर किसी काम से जलालपुर करीरा जा रहा था जो कि रास्ते में लापरवाह कार चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठे पवन के गंभीर चोट आई है राहगीरों की मदद से घायल युवक को बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। उधर पवन के चाचा ने दुर्घटना की सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दे दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुटी है।

## प्रदेश अधिवेशन में 25000 से अधिक सदस्य बनाने पर सम्मानित किए गए जिला अध्यक्ष और जिला मंत्री



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। भारतीय किसान संघ उ प्र के दो दिवसीय सप्रदेश सअधिवेशन 14 व 15 दिसंबर को लखनऊ मे संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी जी ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन पूर्ण कराया जिसमें भैया राम मौर्य जी को प्रदेश अध्यक्ष और राज सिंह चौहान जी को प्रदेश महामंत्री और संगीता ठाकुर को प्रदेश मंत्री व गुलबीर जी को प्रदेश उपाध्यक्ष और ऋषि जी को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया प्रदेश अधिवेशन में भारतीय किसान संघ के पालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रामलाल जी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ अधिवेशन में बुलंदशहर की सदस्यता 25000 से अधिक होने पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष महेश चंद्र लोधी व जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्यागी जी व जिले की ठीम को जिला युवा प्रमुख ठाकुर श्यामवीर सिंह जी और जिला कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता को किसान संघ का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और जहांगीराबाद खंड अध्यक्ष राकेश त्यागी और बुलंदशहर खंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार को भी अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी जी और प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित जी व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जी द्वारा सम्मानित किया प्रदेश अधिवेशन में बुलंदशहर की तरफ से मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी जी जिला अध्यक्ष महेश चंद्र लोधी जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्यागी जिला कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता जी जिला युवा प्रमुख श्यामवीर जी खंड से राकेश त्यागी जी प्रवीण कुमार रणवीर जी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे

## 23 दिसंबर को सिसौली से कोई बड़ा ऐलान करने की घोषणा




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। चौधरी राकेश टिकैत जी के द्वारा गौतम बुधनगर के आंदोलन के मद्देनज़र 23 दिसंबर को सिसौली से कोई बड़ा ऐलान करने की घोषणा के तुरंत बाद गौतम बुध नगर का प्रशासन हरकत में आ गया है।आज कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा की मैडम कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ,जिलाधिकारी श्री मनीष वर्मा से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई ।लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता में प्रशासन की ओर से एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे व ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे । मैडम कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि जेल में बंद किसानो की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ,एक से दो दिन में सभी किसान जेल से बाहर आ जाएँगे।आंदोलन के दौरान किसानों की ज़ब्त गाड़ियों व ट्रैक्टरों को भी तुरंत प्रभाव से छोड़ने का आदेश दिया ।मैडम कमिश्नर एवं डीएम साहब ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्दी ही किसानों की मांगों दस प्रतिशत प्लॉट एवं 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की शासन स्तर पर बातचीत आरंभ करायी जाएगी ।बातचीत के द्वारा ही उक्त समस्याओं का हल निकाला जाएगा ।वार्ता बहुत ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई । मीटिंग से बाहर निकलकर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आदरणीय टिकैत साहब के द्वारा 23 दिसंबर से पहले संयुक मोर्चा के द्वारा किसी भी तरह के धरना प्रदर्शन की कोई भी घोषणा नहीं की गई है और ना ही ऐसी कोई योजना है ।यदि कोई भी व्यक्ति या संगठन इस तरह का कोई आंदोलन या प्रदर्शन करता है तो यह उसका व्यक्तिगत निर्णय होगा तथा इसकी ज़िम्मेदारी स्वयं आंदोलन कर्ता की होगी । संयुक्त किसान मोर्चा इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा ।

## मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम द्वारा मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम द्वारा विकासखंड धौलाना के ग्राम कपूरपुर में मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यों में गुणवत्ता एवं ग्राम के अंदर स्थापित सभी तालाबों का सौंदर्यकरण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो भी कार्य कराए जा रहे हैं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कपूरपुर के कंपोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा जाए और बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा के महत्व को समझाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कंपोजिट विद्यालयों के बच्चों से किताबो को पढ़वा कर शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक उपस्थित रहे।

## सरकारी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी ( सीडीओ ) ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। शासन विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापना हेतु बैठक आयोजित नगरा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती रमा त्यागी, अध्यक्ष - हॉर्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर सोसायटी, ने की। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक मिड डे मील, जिला समन्वयक एम आई एस तथा इस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे कुछ विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में 36 विद्यालयों को लक्षित किया जाएगा और इन विद्यालयों की प्रगति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जहां भी संभव होगा, वहां माली की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, सीडीओ ने विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न मौजूदा समस्याओं को भी सुना और प्रत्येक समस्या के लिए उपयुक्त समाधान सुझाने के निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाना और उनके पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है।

## सुशील कुमार आजाद समाज पार्टी के आईटी सेल मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व सांसद लोकसभा नगीना के निर्देश अनुसार डॉ अमित गुर्जर प्रदेश सचिव एवं पश्चिमांचल प्रभारी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ बी. आर. अम्बेडकर व मान्यवर साहब कांशीराम की विचाराधारा बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने के लिए तालिब चौधरी पूर्व मेरठ मंडल अध्यक्ष, नवीन कुमार पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, सतीश चंद पूर्व जिला सचिव हापुड़ की संस्तुति पर हापुड़ के आदर्श नगर कॉलोनी मोदीनगर रोड निवासी सुशील कुमार पुत्र सुरजीत सिंह को आईटी सेल मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त करते हुए मनोनीत पत्र दिया गया। आईटी सेल मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर सुशील कुमार ने कहा कि उम्मीद एवं विश्वास के साथ जो जिम्मेदारी मुझको दी गई है में उसे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर पार्टी का प्रचार व प्रसार कर लोगों को जोड़ने का कार्य करूंगा। जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के हाथों को मजबूती मिलेगी और सभी लोगों ने सुशील कुमार के आईटी सेल अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी।

## बिना फिटनेस दौड़ रहे स्कूली वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान के एआरटीओ छवि सिंह ने दिए आदेश



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । सहित उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी अधिकारियों को 12 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक स्कूली वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हुए हैं और ज्यादातर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में मानकों के विपरीत बिना फिटनेस या स्कूल के नाम बिना पंजीकृत व अनुबंधित स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा है ऐसे वाहनों के विशेष जांच किये जाने की आवश्यकता को लेकर योगी सरकार ने सभी परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं तो वहीं पूरे मामले में एआरटीओ हापुड़ छवि सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप स्कूल वाहन चालको व स्कूल प्रबंधकों को नोटिस भेजा गया है कि व मानकों के अनुरूपी सड़कों पर स्कूल वाहन चलाएं और इस संबंध में परिवर्तन दल द्वारा सड़कों पर उतरकर चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है।

# स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122 वी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में रालोद के साप्ताहिक किसान विचार गोष्ठी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। स्व चौधरी चरण सिंह जी अमर रहे, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 122 वी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में रालोद के साप्ताहिक किसान विचार गोष्ठी आयोजन के अंतर्गत स्याना विधानसभा क्षेत्र के खैरपुर गांव में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा किसान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसान मजदूरों के हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया,गांव के किसानों ने स्व चौधरी चरण सिंह जी अमर रहे का उदघोष किया,इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान , वरिष्ठ रालोद नेता डॉ कुंवरवीर सिंह , सुभाष प्रधान सुरेंद्र सिंह योगेश पिंटू अमरजीत सिंह डीएम सिंह अजय दिनेश श्रीपाल अशोक कुमार बलजोर कुलदीप सुकेश करणवीर कृष्णा योगेंद्र सिंह कलुआ नीतू खाटू, रवि ठेकदार,, लाखन, अरविंद,, जितेंद्र सिंह, पवन,, श्रीपाल आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे,

# आम आदमी पार्टी के सांसद ने राज्यसभा में उठाया मुद्दा

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। के चोला स्थित सार्वजनिक उपक्रम बिबकोल में पिछले डेढ़ साल से आंदोलनरत कर्मचारियों की आवाज़ को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में उठाया। उन्होंने बिबकोल के प्रबंधक मण्डल के पदाधिकरियो द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामले की जाँच कर रही केंद्रीय सतर्कता आयोग और सीबीआई की जाँच रिपोर्टों पर कार्यवाही ,बिबकोल के निजीकरण तथा कर्मचारियों के लंबित वेतन और भत्तों को लेकर प्रश्नकाल में उठाया,जिसके लिखित जवाब में सरकार ने जाँच रिपोर्टों पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया तथा बिबकोल के निजीकरण के किसी भी प्रस्ताव से इंकार किया ,कंपनी के घाटे में होने के चलते कर्मचारियों के वेतन दिये जाने को लेकर आ रही समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वाशन सरकार की ओर से दिया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बुलन्दशहर के जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के उद्योगों और कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति लगातार संवेदनहीन बने रहते है जिसके चलते बुलन्दशहर विकास के क्षेत्र में लगातार पिछड़ता रहा है ,भ्रष्टाचारी अधिकारियों को मिले राजनीतिक संरक्षण के चलते एक बड़ा उपक्रम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया ।बिबकॉल को बंद होने से बचाने और अपनी माँगो को लेकर आंदोलनरत बिबकोल कर्मचारियों ने हाल ही में उनके माध्यम से आम आदमी पार्टी के सांसद राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मिल कर इस मामले में दखल देने की गुहार लगाई थी। इस मामले को राज्यसभा में उठने के बाद कर्मचारियों के वेतन आदि समस्याओं के निराकरण की संभावना बढ़ गई है।बिबकॉल कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी सुनील शर्मा ने आज पार्टी कार्यालय पहुँच कर सरकार के जबाब की प्रति सौंप कर सांसद महोदय और पार्टी पदाधिकरियो का आभार प्रकट किया।प्रदेश प्रवक्ता विकास शर्मा ने बिबकॉल कर्मचारियों द्वारा प्रबंधन के किए जा रहे भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ संघर्ष में आगे भी पूर्ण समर्थन का अश्वासन दिया।

# गैस की हड़ताल को समाप्त करने का आह्वान

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। में अध्यक्ष अडानी टोटल गैस डीलर एसोसिएशन खुर्जा बुलंदशहर विषय- 15 दिसंबर से चल रही आपकी हड़ताल को समाप्त करने के संबंध में ! व्यापारी सुरक्षा फॉर्म प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त बताया कि अदानी टोटल गैस लिमिटेड प्रबंध तंत्र द्वारा आपका उत्पीड़न किया जा रहा है मनमाने ढंग से गैस की कीमतें बढ़ाई जा रही है जबकि डीलर्स का कमीशन ना के बराबर है, बार-बार शिकायत करने बावजूद अदानी ग्रुप के द्वारा कोई कार्रवाई किसी भी विषय को लेकर नहीं की जाती है । व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान आपकी इस लड़ाई में डीलर एसोसिएशन के पूर्ण रूप से साथ है । आपसे अनुरोध करना चाहते हैं कृपया जनता के हित में छात्रों की परेशानी एवं व्यापारियों को आवागमन आ रही परेशानी को देखते हुए इस हड़ताल को समाप्त करने की अपील की जाती है । समाधान के लिए डीलर एसोसिएशन एवं अडानी के प्रबंध तंत्र को बैठ करके आपस में संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना चाहिए, हड़ताल से सभी लोगों को बहुत परेशानी हो रही है । उम्मीद है आप हमारे अपील पर विचार करके हड़ताल समाप्त करेंगे । भविष्य में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर आपके साथ आंदोलन में साथ रहेगा ।

## नोएडा में मोबाइल फोन के टावरों से आरआरयू व बैटरियां चोरी करने वाले 5 पकड़े




नोएडा । थाना दादरी पुलिस ने मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण और कारों की बैटरी चोरी करने वाले एक गैंग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने तीन बैटरी और एक आरआरयू बरामद किया है। बदमाशों ने एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल फोन के टावरों से आरआरयू, बैटरियां व अन्य कीमती उपकरण चोरी करने की कई घटनाओं का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार थाना दादरी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम आकाश पुत्र हरपाल उम्र 21 वर्ष, राकेश कश्यप पुत्र तुलाराम उम्र 23 वर्ष ,दीपक पुत्र जय भगवान उम्र 20 वर्ष, लव कुमार उर्फ लक्की पुत्र अर्जुन उम्र 21 वर्ष है। बदमाशों को एनटीपीसी कट से करीब 50 मीटर पहले रुपवास की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाशों के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन के टावरों से चोरी किया हुआ एक आरआरयू तथा तीन बैटरियां बरामद की है। उन्होंने बताया कि ये लोग मोबाइल फोन के टावर से और कारों से बैटरी आदि चोरी की वारदातें करते हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया है कि सभी ने मिलकर पिछली रातों में जारचा रोड पर एयरटेल टावर से 2 आरआरयू चोरी किया था तथा आस-पास के इलाके से गाडियों की बैटरी व टावरों के आरआरयू चोरी किये थे। इन बदमाशों ने एनसीआर में चोरी की कई अन्य वारदातें करनी स्वीकार की है।

# ग्रेनो की साईं गार्डन सोसायटी में तोड़फोड़ व हवाई फायरिंग करने वाले 5 युवक गिरफ्तार




ग्रेटर नोएडा । सूरजपुर से दादरी जाते वक्त दो बाइक में भिडंत से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं आरोपी बाइक सवार की तलाश जारी है। अलीगढ़ निवासी पूनम देवी ने बताया कि उनके पति रामेश्वर शर्मा सूरजपुर में रहकर सब्जी व फल की दुकान का काम करते थे। 8 दिसंबर को सूरजपुर से दादरी तक बाइक पर सवार होकर रहे थे। सूरजपुर-दादरी मार्ग गांव देवला लेबर चौक फैना कंपनी के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उनके पति सड़क पर गिर गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच रही है। हादसों में दो लोग घायल सूरजपुर सूर्या कालोनी निवासी भैरमदीन कुशवाहा ने बताया कि उनका भाई लवलेश कुमार 11 दिसंबर को न्यू हॉलैंड गोल चक्कर से बिसरख की ओर जा रहा था। रास्ते में गौतमबुद्ध बालक इंटर कालेज से पहले बाइक रोक कर सर्विस रोड पार कर लघु शंका करने चला गया। जैसे ही वह बाइक के पास वापस आया तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे भाई घायल हो गया। उसका बायां पैर टूट गया व बांयी आंख के ऊपर से माथा फट गया। सिर पर गंभीर चोट आई। इसके अलावा सूरजपुर कोतवाली में सेक्टर आमिक्रोन 1 निवासी राम निवास सिंह ने केस दर्ज कराया है कि पिता धनजी सिंह आटो में सफर कर रहे थे, तभी सुरजपुर पुलिस लाइन के नजदीक एक कार ने ऑटो मे टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया और पिता को गंभीर चोट आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गलगोटिया विश्विद्यालय के छह विद्यार्थियों को शार्ट फिल्म मेकिंग ( फिक्शन ) का पुरस्कार मिला है

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्विद्यालय के छह विद्यार्थियों को शार्ट फिल्म मेकिंग (फिक्शन) का पुरस्कार मिला है। विश्विद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को यह पुरस्कार गुलशन कुमार फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया (GKFTII) की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में प्राप्त हुआ. मशहूर फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा ने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में निखिल सिंह, अंश सिंह, अंश मिश्रा, शिवाय मिश्रा, अनुक्ता और निकिता शाही शामिल हैं. सभी विद्यार्थी स्नातक द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं जीकेएफटीआईआई फिल्म फेस्टिवल भावी फिल्म निर्देशकों और निर्माताओं के लिए मंच प्रदान करता है। फिल्मों का मूल्यांकन उनकी अवधारणा, अभिनय, ध्वनि और संपादन के संदर्भ में दर्शकों पर उनके समग्र प्रभाव के आधार पर किया गया। विद्यार्थियों से तीन कैटेगरीज में फ़िल्में आमंत्रित की गयी थी-शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री फिल्म और पब्लिक सर्विस विज्ञापन।




# नोएडा में देश के बड़े नेता के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला तमंचा व चाकू समेत गिरफ्तार

नोएडा । सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वीडियो वायरल कर देश के संवैधानिक पद पर बैठे जननेता के संबंध में आपत्तिजनक, झूठी व भड़काऊ टिप्पणी करने वाले एक शख्स को थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे एक तमंचा मय जिन्दा कारतूस, एक चाकू व आपत्तिजनक दस्तावेज (फोटो) व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गौमतबुद्धनगर के मीडिय सेल ने थाना सेक्टर-39 में एक अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो वायरल होने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। सोशल मीडिया एक्स में देश में संवैधानिक पद पर बैठे जननेता के संबंध में आपत्तिजनक, झूठे और भडकाऊ बातें कहीं जा रही थी, जिनसे करोडों भारतीय नागरिकों की आस्था जुडी है, उक्त व्यक्ति ने वीडियो में



अलगाववादी और भडकाऊ बातें करके प्रदेश व देश में साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने और साम्प्रदायिक सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त वीडियो में देश के इस महत्वपूर्ण नेता, जो सीमा पार से जान से मारने की खतरनाक धमकियां मिलने के कारण देश और विदेश में उन्हें विशेष सुरक्षा का दर्जा प्राप्त हैं, उनके खिलाफ हिंसा के लिए लोगों को उकसाना, खुले में गोश्त खाने जैसी बातें कहकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना। बिस्मिल्लाह कहकर कुर्बना करूँगा जैसी धमकी भरी बात करना, यह झूठ फैलाना कि इनके द्वारा सभी मस्जिदों को नष्ट कर दिया है। उक्त बयान और वीडियो साम्प्रदायिक उन्माद भडकाने और समाज में शान्ति और सौहार्द बिगाड़ने वाले को इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस व लोकल इंटेलिजेंस की मदद से आज शेख अताउल पुत्र उसमान गनी निवासी गांव बराल थाना रतुआ जिला मालदा पं. बंगाल हालपता अब्दुल फजल इन्कलैव दिल्ली उम्र करीब 40 वर्ष को सेक्टर-37 बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया है कि उसका परिवार बांग्ला देश बार्डर से कुछ दूरी पर ग्राम बराल जिला मालदा पं बंगाल में रहता है और काफी समय पहले हम परिवार सहित बांग्लादेश से आकर ही यहां मालदा में रहने लगे थे। बाद में मालदा से दिल्ली आकर शाहिन बाग में रहने लगे। मुझे किसी ने बताया कि देश के एक बडे नेता हमारी सभी मस्जिदों को ध्वस्त करा रहे हैं, इसी बात पर मैंने उस नेता के खिलाफ एक वीडियो मीडिया वालों के सामने ऐसा भडकाऊ बयान दे दिया था जिसको मीडिया वालों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

# एनसीआर में बीमा पॉलिसी रिन्यू कराने के नाम पर ठगी, युवती समेत चार गिरफ्तार

नोएडा । एनसीआर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की लैप्स बीमा पॉलिसी रिन्यू कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक गैंग में शामिल युवती समेत चार लोगों को थाना सेक्टर-24 व साईबर सैल नोएडा की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार ये लोग पीएनबी मेटलाइफ पॉलिसी धारक को अपना शिकार बनाते थे। आरोपी बीमा धारकों को मोटा डिस्काउंट देने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के 16 मोबाईल फोन व 3 बण्डल बीमा पॉलिसी के कागजात सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-24 व साईबर सैल नोएडा की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर 11 के एफ-ब्लॉक से पंकज कुमार सिंह पुत्र दीपक सिंह निवासी जैतपुर दिल्ली उम्र 28 वर्ष, कुशाग्रा पांडे पुत्री कमलेश कुमार पांडे निवासी सेक्टर 34 नोएडा उम्र 24 वर्ष, राजपाल सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी जनपद धौलपुर राजस्थान उम्र 30 वर्ष, राहुल यादव पुत्र लक्ष्मी यादव निवासी दिल्ली उम्र 29 वर्ष को




गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 16 मोबाइल फोन, तीन बंडल बीमा पॉलिसियों के कागजात आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग बीमा पॉलिसियों की संपूर्ण जानकारी के कागजात गोपनीय रूप से प्राप्त कर बीमा पॉलिसी धारकों को फोन करते हैं, तथा लैप्स पॉलिसी को रिन्यू कराने के नाम पर उन्हें अपने जाल में फंसाकर उनसे मोटी रकम ठग लेते हैं। ये लोग ग्राहकों द्वारा दी गई रकम को अपने खाते में ट्रांसफर करवा लेते हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि एनसीआर में इस तरह के कई कॉल सेंटर चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि इस प्रकार के अपराध को करने के लिये वे दूर-दराज के क्षेत्र महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडू आदि राज्यों के लोगों के साथ कॉल कर उन्हे झाँसे में लेकर पैसा अपने खुलवाये गये खातो में ट्रांसफर कराते थे और इस कार्य को करने के लिये अलग-अलग जगहों पर किराये पर स्पेस लेकर फर्जी कॉल सेन्टर चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस तरह के अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी के सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करने वाला गिरफ्तार

नोएडा । नोएडा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोप है कि इसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। नोएडा के थाना सेक्टर 39 पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो वायरल कर देश के संवैधानिक पद पर बैठे जननेता के संबंध में आपत्तिजनक, झूठी और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू और आपत्तिजनक दस्तावेज (फोटो) बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 16 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसके खिलाफ नोएडा के थाना सेक्टर 39 पर मामला दर्ज किया गया। इस वीडियो में एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहा था। उस व्यक्ति ने वीडियो में अलगाववादी और भड़काऊ बातें करके प्रदेश और देश में साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने और साम्प्रदायिक सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी शेख अताउल के रूप में हुई है।

वह फिलहाल दिल्ली के शाहीन बाग के अब्दुल फजल एन्क्लेव में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसका परिवार बांग्लादेश की सीमा से कुछ दूरी पर मालदा के बराल गांव में रहता है। वह काफी समय से शाहीन बाग में रह रहा है।

# सिम्स हॉस्पिटल में 31 दिसम्बर तक अत्याधुनिक एम.आर.आई. की जाँच मात्र 3000 रूपए में किया जा रहा है



मथुरा नेशनल हाईवे संख्या - 19 स्थित सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अत्याधुनिक एवं एकमात्र एम.आर.आई (एडवांस्ड जीई सिग्ना क्रिएटर थ्री टेस्ला पी एम.आर.आई.) पर सभी एम.आर.आई. टैस्ट मात्र 3000 रूपए में किया जा रहा है।जो कि 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर 2024 तक चलेगा।इसके अलावा स्क्रीनिंग जाँच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा रोगियों को निःशुल्क परामर्श भी दिया जा रहा है।जरूरतमंद मरीज एम.आर.आई की जाँच के लिए सिम्स हॉस्पिटल में आकर इस स्पेशल ऑफर का लाभ ले सकते हैं। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि ब्रजवासियों की सेवा और मरीजों की गहन जाँच के लिए संकल्पबद्ध है। सिम्स है, तो मुमकिन है। मुझे खुशी है कि ब्रजवासियों की सेवा का मेरा सपना पूरा हो रहा है। अब सिम्स हॉस्पिटल में सभी एम.आर.आई मात्र 3000 हजार रुपये में प्रारंभ हो गई है।साथ ही एमआरआई की जाँच के उपरान्त विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा निःशुल्क परामर्श होगा। जरूरतमंद मरीज इस हेल्थ कैम्प में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अभय रैना को रेडियोलॉजी के क्षेत्र में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। इसके साथ ही रेडियोलॉजी विभाग में प्रशिक्षित और अनुभवी टेक्नीशियन की कुशल टीम 24 घण्टे मरीजों की गहन जाँच के लिए तत्पर रहती है। एडवांस्ड जी.ई. सिग्ना क्रिएटर 3टी(पी) एमआरआई मशीन ब्रज क्षेत्र की सबसे आधुनिक एम.आर.आई. मशीन है। यह मशीन सभी प्रकार की एम.आर.आई. करने में सक्षम है। इस एडवांस्ड एम.आर.आई से कम समय में उच्च गुणवत्ता की जाँच की जाती है तथा मशीन कम आवाज से कार्य करती है। अर्थात साइलेंट एम.आर.आई. है, यह मशीन न्यूरो, ब्रेन, स्पाइन और हड्डी एवं जोड़ों की अत्याधुनिक गहन जाँच करने में सक्षम है। जैसे कि एम.आर.आई. ब्रेन एंजियोग्राफी स्प्रेक्ट्रोस्कोपी और स्पेशल डायनामिक स्टडी आदि इसके साथ ही सिम्स हॉस्पिटल में एक ही छ्त के नीचे रेडियोलॉजी की सभी सुविधा उपलब्ध है।

# नोएडा में पेंशनर दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को शॉल पहनाकर किया सम्मानित, स्वास्थ्य की हुई जांच

नोएडा । जनपद गौतमबुद्ध नगर के पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जिले के वरिष्ठ पेंशनर्स को फूल माला एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पेंशनर्स के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित हुआ। गौतमबुद्ध नगर के पेंशनरों की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से निस्तारण हो सके इस उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश ने जनपद के वरिष्ठ पेंशनर्स यशोदा गुप्ता उम्र 96 वर्ष, रामेश्वर दयाल उम्र 91 वर्ष, सुरेश चंद्र गुप्ता उम्र 90 वर्ष, डॉ रमेश पंडित उम्र 87 वर्ष तथा दुर्गा प्रसाद सिंघल उम्र 83 वर्ष को फूल माला एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि पेंशनर्स के सम्मुख जो भी समस्या आ रही हैं, आज पेंशनर दिवस के अवसर पर उनकी समस्याओं को सुनते हुए शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उसका उसका समाधान किया जाए। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराज सिंह चौहान ने प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा को जनपद के पेंशनर्स के सम्मुख आ रही समस्याओं तथा शिक्षा विभाग में लंबित चल रहे प्रकरणों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उक्त समस्याएं सुनने के बाद प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने



संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि हमारे सभी पेंशनर्स ने अपने जीवन के अहम पल शासकीय सेवाओं में दिए हैं, इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि हमारे पेंशनर्स ने पेंशनर दिवस के अवसर पर अपनी जो समस्याओं से अवगत कराया है उनका यथाशीघ्र समाधान किया जाए। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पेंशनरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अन्य जो भी समस्याएं पेंशनर दिवस में आपके द्वारा दर्ज कराई गई हैं, उनको शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कराया जाएगा। पेंशनर दिवस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, कोषागार कार्यालय से वरिष्ठ लेखाकार शरद रस्तोगी, राजीव त्यागी, शिल्पी सहित अन्य उपस्थित रहें।

# ग्रेटर नोएडा - युवक ने की खुदकुशी, पिस्टल से खुद को मारी गोली, सुसाइड नोट बरामद

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना इलाके में रहने वाले एक 24 साल के युवक ने पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने कुछ निजी कारणों का जिक्र करते हुए आत्महत्या करने की बात की है। बताया जा रहा है कि वह एक साइबर कैफे चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके पास अवैध पिस्टल कहां से आई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत महामेधा वाली गली में फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अमन भारद्वाज (24) ने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है कि पिस्टल कहां से आई थी। सुसाइड नोट जो बरामद हुआ है, उसमें उसने किन कारणों का जिक्र किया गया है, इसकी भी जांच की जा रही है। अमन के माता-पिता और अन्य मिलने वालों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जब यह घटना हुई तो उस वक्त अमन अकेला था या वहां आस-पास कोई और भी मौजूद था। फिलहाल शुरुआती जांच और सुसाइड नोट को देखकर पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है।

